प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में तीन दिवसीय विकास उत्सव का किया शुभारंभ : कहा– बीते आठ साल में हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है उत्तर प्रदेश।
2. केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने प्रदेश के 15 अन्य जिला को कर्मचारी राज्य बीमा योजना में शामिल करने की घोषणा की : इस कदम से 30 लाख लोग होंगे लाभान्वित।
3. दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेजे जाने का अधिवक्ताओं ने किया विरोध : इलाहाबाद हाईकोर्ट में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू।

और

4. वाराणसी में गंगा के घाटों पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम से पहले लेनी होगी नगर निगम से अनुमति : स्मार्ट काशी मोबाइल एप से कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में तीन दिवसीय विकास उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आठ साल की विकास यात्रा में हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका

साथ–सबका विकास के मंत्र पर अमल कर आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपनी चमक बिखेर रहा है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जी ने जो मंत्र दिया था सबका साथ और सबके विकास का उसे जीवन का व्रत मान कर के संकल्प मान करके हम लोगों ने कार्य किया तो उत्कर्ष के आठ वर्ष उत्तर प्रदेश को देखने को मिले हैं। उत्कर्ष के आठ वर्ष है जिसमें हर एक प्रत्येक क्षेत्र में क्या किसान कल्याण के क्षेत्र की बात हो, चाहे वहां युवाओं के उत्थान की बात हो, चाहे वह महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य हो। इस शानदार यात्रा में उत्तर प्रदेशवासियों ने पग पग पर डबल इंजन सरकार का साथ दिया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार विकास के साथ विरासत का संरक्षण भी कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में बैरियर माना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज विकास का ब्रेक थ्रू बना है। बाइट.....

*जो उत्तर प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। जो उत्तर प्रदेश देश के अंदर हर एक क्षेत्र में बैरियर माना जाता था। आज वो देश के अंदर एक ब्रेक थ्रू बनकर के विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने वाला राज्य माना जाता है। आज लोग मानते हैं कि उत्तर प्रदेश लीड करेगा तो सारे राज्य लीड करने लग जाएगा। आज जो यहां पर देखने को मिल रहा है।*

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को उपकरण और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने दिव्यांगजन को यंत्र, उपकरण, युवाओं को टैबलेट, पात्रों को आयुष्मान कार्ड, युवाओं को सीएम युवा योजना के तहत ऋण का वितरण किया।

————————

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर आज प्रदेश भर में तीन दिवसीय विकास उत्सव की शुरुआत हो गई है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज वाराणसी में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि सुशासन और विकास है। बाइट.....

*भ्रष्टाचार मुक्त भारत और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में बड़ा काम हुआ। वो भर्तियों से लेकर के डीबीटी के माध्यम से भुगतानों को लेकर के अन्य सभी क्षेत्रों में हम लोगों ने आधार लिंक सारी योजनाओं को करने का प्रयास किया है। जेम पोर्टल के माध्यम से जो खरीद का काम है उसमें भी उत्तर प्रदेश ने प्रथम अपना स्थान अर्जित किया है। हमारे क्षेत्र में आगे बढ़ते जा रहे हैं।*

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कानपुर में प्रेस वार्ता कर जनहित में किये गए सरकार के कामकाज का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। बाइट..

*इस सरकार के शासनकाल में गांव, गरीब और किसान, बेरोजगार नौजवान, महिलाओं का सम्मान, शिक्षा का उत्थान, आम व्यक्ति का स्वाभिमान और उद्योग को नई पहचान देने का एक अनूठा कार्य इस कार्यकाल में पूरा हुआ है।*

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज शाहजहांपुर में सरकार के काम काज को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था, रोज़गार और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने रायबरेली में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए,के शर्मा ने जौनपुर में प्रदेश सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देने के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। मऊ में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। राज्यमंत्रो दिनेश प्रताप सिंह ने कुशीनगर में सेवा सुरक्षा व सुशासन थीम पर आयोजित प्रदर्शनी और तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन किया।

---------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में आयोजित भारतीय योग परम्परा में योगिराज बाबा गंभीरनाथ का अवदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारत की पहचान एक आध्यात्मिक देश के रूप में है । यहां के ज्ञान और परम्पराओं से युवा पीढ़ी को जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यही मंत्र दिया है कि विरासत को विकास के साथ जोड़ेंगे तो वह हमारे सतत विकास का माध्यम बनेगा।

---------

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वो0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रो डॉ. मनसुख मांडविया ने आज कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा उत्तर प्रदेश के 15 अतिरिक्त जिलों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस अधिसूचना के साथ, उत्तर प्रदेश के 74 जिले अब पूरी तरह से ईएसआई योजना के तहत आ गए हैं। इस कदम से लगभग 30 लाख बीमित व्यक्तियों और करीब 1 करोड़ 16 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। नए अधिसूचित जिलों में अंबेडकर नगर, औरैया, बहराईच, गोंडा, हमीरपुर, जालौन, कन्नौज, महराजगंज, महोबा, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर, शामली, प्रतापगढ़, कासगंज और श्रावस्ती शामिल हैं।

————————

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में

स्थानांतरण कर दिया है। इसके विरोध में आज से इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उनका कहना है कि जब तक आदेश वापस नहीं होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इससे पहले कल इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने आपातकालीन बैठक की थी और इस फैसले पर विरोध जताया था।

————————

गर्मी में जंगलों में आग की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर मंडलस्तर तक कुल 115 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित किए हैं। इनमें तीन शिफ्ट में कर्मचारी 24 घँटे तैनात रहेंगे। अग्नि नियंत्रण सेल मुख्यालय के नोडल अफसर पीपी सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। अग्नि रक्षक के रूप में स्थानीय ग्रामीणों की तैनाती करके अग्नि नियंत्रण में सहयोग लेने का भी आग्रह किया जा रहा है।

————————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 1 से 4 मई तक विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स मुंबई में आयोजित किया जाएगा। भारत को एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दृष्टि से आयोजित वेव्स का उद्देश्य विश्व मंच पर रचनात्मकता और नवाचार के नए मानक स्थापित करना

है। शिखर सम्मेलन भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाएगा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को मज़बूत करेगा। इसके दायरे में प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, इत्यादि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

---

वाराणसी में गंगा के घाटों पर अब किसी भी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक या दूसरे कार्यक्रमों के लिए नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। स्मार्ट काशी मोबाईल एप पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि आयोजकों को कार्यक्रम से 15 दिन पहले आवेदन करना होगा।

स्मार्ट काशी मोबाइल ऐप के माध्यम से ही आयोजकों को घाट पर चयनित स्थल के फोटोग्राफ, आयोजनकर्ता के आधार का फोटो आदि विवरण अपलोड करने और निर्धारित शुल्क 880 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा। सम्बन्धित जोनल अधिकारी के परीक्षण आर आख्या के आधार पर स्थल बुकिंग की अनुमति प्रभारी अधिकारी राजस्व के स्तर से जारी की जाएगी। जिसे आयोजनकर्ता अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

——————————

आईपीएल 5वां मुकाबला आज गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच होगा। ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के अपने पहले सीजन 2022 में राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब जीता था, जबकि पंजाब किंग्स अब तक एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाई है।

(समाप्त)